नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल शनिवार को करेंगे कार्यभार ग्रहण

वर्धा, 18 अप्रैल 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के नए कुलपति के रूप में प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल शनिवार, 20 अप्रैल को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वर्तमान कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र उन्हें अपना कार्यभार सौंपेंगे। कुलपति कार्यालय के कक्ष में पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शनिवार को विश्वविद्यालय खुला रहेगा।



प्रो. शुक्ल वर्तमान में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सदस्य सचिव पद पर कार्यरत हैं। प्रो. शुक्ल सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में तुलनात्मक दर्शन और धर्म के प्रोफेसर तथा माननीय राष्ट्रपति द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कोर्ट के नामांकित सदस्य भी रहे हैं। वे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के वाराणसी क्षेत्र के सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। प्रो. शुक्ल ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से स्नातक एवं परास्नातक की उपाधि एवं बीएचयू से दर्शनशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्ति की है।

उन्होंने सात पुस्तकें लिखी हैं और सौ से ज्यादा शोध पत्र, आलेख, देश और विदेश की विभिन्न शोध पत्रिकाओं आदि में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने कुलसचिव, कार्यकारी परिषद के सदस्य और निदेशक, कॉलेज विकास परिषद और अन्य कई पदों के रूप में विश्वविद्यालय में अपनी सेवा दी है। प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर स्तर के नाम "राष्ट्र गौरव" नामक एक अनिवार्य कार्यक्रम तैयार करने का योगदान दिया है। उन्होंने एक पुस्तक 'राष्ट्र गौरव' को संपादित और लिखा है, जिसे विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रकाशित किया गया है। वे अखिल भारतीय दर्शन परिषद की तिमाही शोध पत्रिका 'दार्शनिक त्रैमासिक' के पाँच वर्षों तक मुख्य संपादक और अखिल भारतीय दर्शन परिषद के संयुक्त सचिव भी रहे हैं। उनके राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में लेख और स्तंभ प्रकाशित होते रहते हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रो. शुक्ल सिक्किम के प्रथम राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना समिति के सदस्य एवं आचार्य अभिनवगुप्त सहस्राब्दी समारोह समिति के सचिव हैं।

---

## हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल शनिवारी करतील कार्यभार ग्रहण

वर्धा, 18 एप्रिल 2019: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे नवे कुलगुरू म्हणून प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल शनिवार, 20 एप्रिल रोजी कार्यभार ग्रहण करणार आहेत. वर्तमान कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र त्यांना आपला कार्यभार सोपवतील. कुलगुरु कार्यालयाच्या सभाकक्षात सकाळी 11.00 वाजता आयोजित कार्यक्रमात विश्वविद्यालयाचे शैक्षणिक आणि गैर-शैक्षणिक पदाधिकारी यांच्या उपस्थितीत हा कार्यक्रम संपन्न होईल. यानिमित्त शनिवारी विश्वविद्यालय सुरू ठेवण्यात आले आहे.

प्रो. शुक्ल हे सध्या भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नवी दिल्ली सदस्य सचिव पदावर कार्यरत आहेत. प्रो. शुक्ल सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी येथे तुलनात्मक दर्शन आणि धर्म विषयाचे प्रोफेसर तथा माननीय राष्ट्रपती द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालयाचे कोर्टचे नामांकित सदस्य राहिले आहेत. ते इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नवी दिल्लीच्या वाराणसी क्षेत्राचे सल्लागार समितीचे सदस्य राहिले असून त्यांनी बनारस हिंदू विद्यापीठातून दर्शनशास्त्रात पीएचडी उपाधी प्राप्त केली आहे. त्यांची सात पुस्तके प्रकाशित असून त्यांनी विविध वृत्रपत्र आणि मासिकांधून भरपूर लिखानही केले आहे. प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांनी उत्तर प्रदेशातील विद्यापीठांकरिता "राष्ट्र गौरव" नामक कार्यक्रम तयार करण्यात उल्लेखनीय योगदान दिले आहे. त्यांनी 'राष्ट्र गौरव' पुस्तक संपादित केले असून हे पुस्तक विविध विद्यापीठांकडून प्रकाशित झाले आहे. ते अखिल भारतीय दर्शन परिषदेची तैमासिक शोध पत्रिका 'दार्शनिक त्रैमासिक'चे मुख्य संपादक राहिले असून परिषदेचे संयुक्त सचिवही राहिले आहेत.

---

*माननीय संपादक/संवाददाता*
*महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।*
*धन्यवाद।*